कार्यालय नगर पालिका परिषद, डबरा जिला-ग्वालियर(म0प्र0)

क्रमांक/1652/स्व0शा0/ई-टेण्डर/2026 डबरा, दिनांक 19/5/2026

/ / ई-निविदा आमंत्रण सूचना / /

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों / अधिकृत विक्रेता/एजेन्सी/पंजीकृत सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि इस निकाय को निम्नानुसार सामग्री क्रय करना है। इच्छुक ठेकेदार/फर्म नीचे दर्शित तालिका अनुसार आईटम दरों पर 2.10 पर आधारित ऑनलाईन निविदायें ई-टेण्डरिंग बेबसाईट www.mptender.gov.in पर दिनांक 05/06/2026 को सायं काल 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

ऑनलाईन टेण्डर नम्बर	क्र.	प्रकरण क्रमांक	सामग्री का विवरण	अनुमानित राशि	ई.एम.डी राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य अवधि
2026_UAD_	1	1/2026/7/4	वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये नगरीय क्षेत्र में स्थित गौशाला में पशुओं के लिए भूसा क्रय किये जाने हेतु। (दरें प्रति किलोग्राम में समस्त कर सहित प्रस्तुत करे)	10,00,000/-	10,000/-	2,000/-	वित्तीय वर्ष 2026–27

नियम एवं शर्तें :-

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन निविदा दिनांक 05/06/26 को समय 17:30 तक क्रय एवं दर ऑफर सबमिट की जा सकती है।
2. निविदा फायनेंसियल बिड ऑनलाईन ओपन दिनांक 08/06/26. प्रातः समय 11.00 बजे से।
3. निविदाकार को रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र ई एम. डी पेमेंन्ट ऑफ बिड़ डॉक्युमेंट, पेन नम्बर, जी.एस.टी. नम्बर , 100 रूपये के स्टाम्प पर एफीडेबिड़ आदि प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. किसी टेण्डर को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पालिका परिषद डबरा के सक्षम प्राधिकारी को होगा।
5. सशर्त एवं कॉट-छॉट युक्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
6. विवाद का न्यायालयीन क्षेत्र डबरा होगा।
7. मुताबिक कार्यादेश के समयावधि में कार्य पूर्ण करना होगा। कार्य पूर्ण न करने की दशा में किसी भी अन्य ऐजेन्सी से कार्य कर लिया जावेगा तथा निकाय को होने वाली छति के पूर्ति संबंधित ठेकेदार से की जावेगी।
8. आवश्यकतानुसार विज्ञप्ति में उल्लेखित संख्या में कमी एवं वृद्धि की जा सकती है। कमी या वृद्धि होने की दशा में कार्य स्वीकृत निविदा दरों पर करना होगा।
9. विज्ञप्ति एवं नगर पालिका द्वारा तय की गई नियम एवं शर्तों में संशोधन परिवर्तन एवं शिथिलीकरण का अधिकार नगर पालिका डबरा के सक्षम अधिकारी को होगा।
10. नियम एवं शर्तो के संबंध में होने वाले विवाद एवं आपत्ति के संबंध में अन्तिम निराकरण नगर पालिका डबरा द्वारा किया जावेगा। जो दोनो पक्षो को मान्य होगा।
11. सामग्री प्रदाय के देयक का भुगतान निकाय के सक्षम अधिकारी के सत्यापन उपरांत ही किया जावेगा।
12. सामग्री नगर पालिका परिषद डबरा एफ0ओ0आर0 देना होगी दरें समस्त करों सहित दी जावे।
13. उपरोक्त वर्णित कंडिकाएं अनुबंध का हिस्सा होगी एंव अनुबंध के समय 2 प्रतिशत परफोरमेन्स गारंटी स्वीकृत निविदाकार को बैंक गारंटी / एफ.डी.आर. के रूप में जमा कराना होगी।
14. निविदा में किया गया कोई भी संशोधन उक्त बेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन नही किया जावेगा।
15. संबंधित जानकारी उक्त बेबसाइट पर देखी जाये। निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा में देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदा सूचना विभाग के बेबसाइट www.mptenders.gov.in एवं नगर पालिका की वेबसाइट www.npdabra.com पर देखी जा सकती है।
16. सामग्री को गौशाला तक पहुंचाने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी जिसका कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा।
17. ठेकेदार को सामग्री की धर्मकांटे से तुलाई की पर्ची प्रदान करना होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, डबरा

Signature Not Verified
Digitally signed by SAKSHI BAJPAI
Date: 2026.05.20 16:22:21 IST
Location: Madhya Pradesh-MP